# पटना-राजगीर इंटरसिटी का इंजन फेल रहने से तीन घंटे तक देकपुरा हॉल्ट के पास रूकी रही ट्रेन

## पटना से भेजा गया वैकल्पिक इंजन से ट्रेन खुली लेकिन एक घंटे तक खड़ी रही बिहारशरीफ स्टेशन पर

**बिहारशरीफ।** गुरुवार को पटना से राजगीर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस अचानक तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। ट्रेन के इंजन में




तकनीकी गड़बड़ी आने के कारण यह देकपुरा हॉल्ट के पास पंचाने नदी के पुल पर करीब तीन घंटे तक खड़ी रही। बीच रास्ते में सुनसान जगह पर ट्रेन के अचानक रुक जाने और घंटों तक फंसे रहने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और इस दौरान मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। रेलवे गार्ड के अनुसार यह ट्रेन पटना से अपने निर्धारित समय पर रवाना हुई थी, लेकिन आगे की यात्रा के दौरान इसके लोको सिस्टम में अचानक खराबी आ गई, जिसके कारण ट्रेन को बीच में ही रोकना पड़ा। इस बड़ी तकनीकी समस्या की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया और तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दूसरा इंजन मंगवाने की प्रक्रिया शुरू की गई। बख्तियारपुर और पटना की तरफ से दूसरा इंजन मंगाकर खराब ट्रेन के साथ उसकी कपलिंग की गई, जिसके बाद ट्रेन को धीरे-धीरे आगे बढ़ाकर बिहार शरीफ रेलवे स्टेशन लाया गया। इस पूरी घटना के कारण बिहार शरीफ-राजगीर रेलखंड पर रेल परिच. ालन बुरी तरह प्रभावित हो गया। मुख्य इंटरसिटी एक्सप्रेस के घंटों खड़े रहने के पीछे बख्तियारपुर-राजगीर पैसेंजर और तिलैया पैसेंजर जैसी अन्य ट्रेनें भी प्रभावित हुईं। बिहार शरीफ स्टेशन पर भी ट्रेन के पहुंचने के बाद कुछ देर तक वह खड़ी रही। आखिरकार दूसरा इंजन जोड़े जाने और आवश्यक तकनीकी जांच के बाद शाम करीब पांच बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस को सुरक्षित राजगीर के लिए रवाना किया गया, जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली। हालांकि, इस अप्रत्याशित घटना की वजह से यात्रियों को भीषण गर्मी और असुविधा के बीच लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा।

# अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पानी में डूबने से तीन बुजुर्ग की मौत

**बिहारशरीफ।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पानी में डूबने से दो बुजुर्गों की दर्दनाक मौत हो गई, जिससे उनके गांवों में मातम पसर गया है। पहली घटना बेन थाना क्षेत्र की है, जहां दयाबीघा गांव निवासी 73 वर्षीय भागीरथ राम शौच के लिए घर से बाहर गए थे। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वे पैमार नदी में गिर गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। वहीं, दूसरी घटना मानपुर थाना क्षेत्र के मजीदपुर गांव में घटी, जहां 74 वर्षीय नेहुस राउत की भी पानी में डूबने से जान चली गई। इन दोनों हादसों की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए सदर अस्पताल में शवों का पोस्टमार्टम कराया और इसके बाद उन्हें अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। इसी प्रकार रहुई थाना क्षेत्र के पितौंजिया गांव स्थित एक ईंट-भट्ठे के पास पानी में डूबने से 65 वर्षीय एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सरमेरा थाना क्षेत्र के बसेढ़तर बेलदरिया गांव निवासी सियासारण चौहान के रूप में हुई है, जो संबंधित ईंट-भट्ठे पर रहकर मजदूरी का काम करते थे। मृतक के पुत्र अरविंद चौहान ने बताया कि गुरुवार की सुबह उनके पिता शौच के लिए गए थे। शौच के बाद हाथ-पैर धोने के दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए, जिससे डूबने से उनकी मौत हो गई।

## करंट लगने से युवक की मौत

**हरनौत ( नालंदा )** (संसू)। वेना थाना क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से एक 33 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक वेना थाना क्षेत्र के शाहबाजपुर गांव के रहने वाले राजो यादव के पुत्र नीतीश कुमार थे। बताया जाता है कि नीतीश सुबह करीब साढ़े सात बजे गांव के रास्ते से गुजर रहे थे। जहाँ बिजली के खंभे में पहले से बिजली का तार स्पर्श था। पोल पर हाथ संपर्क में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ले गयी है। इस घटना में मृतक की चार वर्षीय मासूम बेटी सृष्टि कुमारी सहित छह साल के बेटे अंकित कुमार एवं आठ वर्ष के पुत्र अंकुश कुमार तथा पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दूसरे दिन भी जारी रहा प्रतिमा विसर्जन

## बड़की दुर्गा महारानी की अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**शेखपुरा** (आससे)। नवरात्र और दुर्गा पूजा संपन्न होने के बाद दूसरे दिन गुरुवार को भी शहर में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी रहा। विभिन्न पूजा समितियों की ओर से निकाले गए विसर्जन जुलूस के कारण दिनभर बाजार में जाम की स्थिति बनी रही। श्री श्री 108 बड़की सुनर्वा दुर्गा पूजा समिति, डीएम हाई स्कूल पूजा समिति, भारत माता प्रतिमा समिति और श्री 108 खंडपर दुर्गा पूजा समिति, नरसिंह भगवान, काली माता समेत शहर की विभिन्न प्रतिमाओं का विसर्जन देर रात तक जारी रहा।

प्रतिमा विसर्जन को लेकर शहर की प्रमुख सड़कों और बाजारों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। जुलूस के आवागमन के कारण कई जगहों पर यातायात प्रभावित हुआ। वहीं, विसर्जन कार्यक्रम के दौरान विद्युत आपूर्ति भी दिनभर बाधित रही। प्रशासन की ओर से सभी प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार देर रात तक संपन्न कराने का प्रयास किया जाता रहा।

विसर्जन जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शहर की सड़कों पर बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। यातायात व्यवस्था संभालने के साथ-साथ प्रतिमाओं के निर्धारित मार्गों पर भी पुलिस बल तैनात रहा। विसर्जन स्थल पर अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। शुक्रवार को होने वाले चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन सभी प्रतिमाओं का विसर्जन समय पर संपन्न कराने में जुटा रहा।

शहर की प्रसिद्ध बड़की दुर्गा महारानी की प्रतिमा को कटरा चौक पर रखा गया, जहां आरती के बाद विसर्जन के लिए ले जाया गया। माता के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। बड़की दुर्गा पूजा समिति की प्रतिमा के बिचली गली में प्रवेश करने के बाद अन्य प्रतिमाओं के विसर्जन कार्यक्रम में भी तेजी आई। बड़की दुर्गा महारानी की प्रतिमा को 16 कहारों के कंधों पर ले जाने की परंपरा आज भी कायम है। इस वर्ष भी कहारों के साथ पूजा समिति के सदस्यों को माता की प्रतिमा अपने कंधों पर उठाकर ले जाते देखा गया। देर रात तक प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम जारी रहा और शहर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।

## बाइक से गिरकर महिला जख्मी

**हिलसा ( नालंदा )** (आससे)। गुरुवार को हिलसा थाना क्षेत्र के दबौल गांव के पास बाइक दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान दबौल गांव निवासी 50 वर्षीय प्रतिमा देवी के रूप में की गई है। घायल महिला ने बताई की गुरुवार को अपने पुत्र के साथ बाइक से हिलसा बाजार आ रही थीं। इसी दौरान दबौल गांव के पास स्पीड ब्रेकर पर ठोकर लगने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर बाइक सहित गिरकर घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की सहयोग से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक की देखरेख में इलाज चल रहा है।

# विधान परिषद् चुनाव के लिए शेखपुरा के सात मतदान केंद्रों पर 4339 मतदाता करेंगे मतदान

**शेखपुरा** (आससे)। कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव को लेकर गुरुवार को शेखपुरा जिले के सात मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। जिले के छह प्रखंड मुख्यालयों में एक-एक मतदान केंद्र बनाया गया है, जबकि सातवां केंद्र नगर परिषद शेखपुरा क्षेत्र के मतदाताओं के लिए निर्धारित किया गया है। जिले में कुल 4339 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 440 महिला मतदाता शामिल हैं, जबकि शेष पुरुष मतदाता हैं। मतदान की प्रक्रिया सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक चलेगी। मतदान समाप्त होने के बाद सभी मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच पूर्णिया भेजा जाएगा, जहां मतगणना की प्रक्रिया संपन्न होगी। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से तीन स्तरीय सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। इसके तहत तीन जोन और दो सुपर जोन बनाए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर पीठासीन पदाधिकारी के साथ तीन अन्य कर्मियों की तैनाती की गई है। अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया पर लगातार नजर रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया है। मतदान की तैयारियों को लेकर मंथन सभागार में बैठक आयोजित की गई। इसमें डीएसपी सहित अन्य पदाधिकारियों ने मजिस्ट्रेट और पीठासीन पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को मतदान के दौरान कड़ी निगरानी रखने तथा किसी भी परिस्थिति में विधि-व्यवस्था प्रभावित नहीं होने देने का निर्देश दिया है। मतदान प्रक्रिया की निगरानी के साथ पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक दो घंटे पर मतदान से संबंधित आंकड़े जारी किए जाएंगे। इसके लिए निर्धारित एप्लीकेशन के माध्यम से मतदान प्रतिशत की जानकारी साझा की जाएगी। मतदान समाप्त होने के बाद ऑब्जर्वर, पुलिस बल और अन्य सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में मतपेटियों को मतगणना स्थल के लिए रवाना किया जाएगा। कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 14 जिलों के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चुनाव में कुल 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिला प्रशासन ने चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# हरनौत फुटबॉल स्टेडियम परिसर बना गंदगी और नशेड़ियों का अड्डा, खिलाड़ी परेशान

**हरनौत ( नालंदा )** (संसू)। स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड संख्या-12 स्थित फुटबॉल स्टेडियम



परिसर इन दिनों बदहाली का शिकार बना हुआ है।

स्टेडियम के चारदीवारी के किनारे सहित मैदान में जगह-जगह सूखा-गीला कचरा, प्लास्टिक, शराब की पाउंच और सुखा नशे की सामग्री बिखरी पड़ी है।बरसात से पहले तक परिसर की स्थिति कुछ ठीक रहती थी, लेकिन बरसात खत्म होने के बाद भी सफाई नहीं होने से कचरे का अंबार लग गया है। मैदान में बड़ी-बड़ी घास उग आई है और सुअर, बकरी, कुत्ते जैसे आवारा जानवर घूमते रहते हैं। जिसे देखभाल करने वाला कोई नहीं है।

गौरतलब है कि यह वहीं स्टेडियम है जहाँ से पैरा एथलेटिक्स के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर स्वर्ण सहित अन्य पदक जीत चुके हैं। जिसमें अंतरराष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी गोल्डी कुमारी ने 13वीं राष्ट्रीय जूनियर एवं सब जूनियर पैरा एथलेटिक्स चौंपियनशिप में एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर चुकी हैं। गोल्डी को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में बीते 26 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।लेकिन इस उपलब्धि पर भी यहां कि पुलिस-प्रशासन की हृदय पत्थर की भांति है। मैदान में अभ्यास करने पहुंचे सतनाम कबीर, आयुषी कुमारी,पूजा कुमारी सहित अन्य एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने बताया कि हर रोज सुबह खिलाड़ी यहाँ अभ्यास करते हैं, लेकिन बदबू और गंदगी के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। शाम होते ही परिसर नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है। परिसर में सुखा एवं गीला नशे से संबंधित सामग्री जगह-जगह फेंका रहता है। जिससे खेलने में बाधा आती है और चोट लगने का डर बना रहता है। खिलाड़ियों ने जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस से स्टेडियम की नियमित सफाई और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# महिला से दुष्कर्म का प्रयास और छिनतई का आरोपी गिरफ्तार

**थरथरी ( नालंदा )** (संसू)। थरथरी थाना क्षेत्र में एक महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर कमरे में घुसकर पिस्तौल के बल पर दुष्कर्म का प्रयास करने, मारपीट करने और मंगलसूत्र छीनकर भागने का आरोप लगाया है। घटना 20 अक्टूबर की रात की बताई गई है। पुलिस में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। महिला के आवेदन के अनुसार, रात में वह घर के ऊपरी कमरे में मोबाइल फोन पर बात कर रही थी। इसी दौरान बड़ी छरियारी गांव निवासी श्याम कुमार, पिता स्वर्गीय देवनंदन प्रसाद, अचानक कमरे में पहुंच गया और पिस्तौल दिखाकर उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। महिला ने विरोध करते हुए पैर से वार किया और शोर मचाने लगी। आरोप है कि इसके बाद व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट की और गला पकड़ लिया।

**बिहार सरकार**

**निर्वाचन विभाग**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए मतदान के दिन मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निर्वाचकों को विशेष आकस्मिक अवकाश देने से संबंधित अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर मतदान दिनांक 23.10.2026 (शुक्रवार) को निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 322/AP-LC/2010-CC&BE/720 दिनांक 23.12.2010 के आलोक में मतदान की तिथि 23.10.2026 (शुक्रवार) को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचकों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश देय है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014020 (Election) 2026-27

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद एसएच-78 जाम

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र के बिहटा-सरमेरा मार्ग पर गाजीपुर प्लांट के समीप गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। तेज रफ्तार डाक पार्सल वैन ने पीछे से ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर सड़क पर पलट गया और उसके नीचे दबकर चालक की मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान अल्लीपुर गांव निवासी उदयचंद राउत के 25 वर्षीय पुत्र अक्षय कुमार उर्फ अक्षय राउत के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अक्षय सुरतपुर गांव से ट्रैक्टर पर गिट्टी उतारकर वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान सरमेरा की तरफ से आ रही अनियंत्रित डाक पार्सल वैन ने पीछे से उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद वैन चालक वाहन मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस टीम ने शव को अपने कब्जे में लेकर बिहारशरीफ भेज दिया। हालांकि, परिजनों को बिना सूचना दिए शव ले जाने से आक्रोशित ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने अल्लीपुर चौक के पास सड़क पर बबूल की झाड़ियां रखकर बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। ग्रामीण मृतक के शव को परिजनों को सौंपने और उचित मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। सड़क जाम होने के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस के समझाने-बुझाने और उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद जाम समाप्त कराया जा सका। महज छह महीने पहले ही अक्षय की शादी हुई थी, और इस अचानक हुए हादसे से उसकी पत्नी जूली देवी, मां सरोज और पिता उदयचंद राउत का रो-रोकर बुरा हाल है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **संजय पुत्रः स्व. सोनेलाल साहनी पताः वार्ड 5 हरलोचनपुर थानाः सरायरंजन, समस्तीपुर, बिहार इसके अलावाः पी ब्लॉक 258, तीसरा रघुवीर नगर दिल्ली FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **संजय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री रोहित गुलिया**
**एएसजे-01 (पश्चिम) पीओसीएसओ (एफटीएससी) कमरा नंबर 21 तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/14960/WD/2026**
**(Court Matter)**

# पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने ह्वेनत्सांग स्मारक का किया भ्रमण

**राजगीर ( नालंदा )** (आससे)। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव ने अपनी धर्मपत्नी एवं पुत्र के साथ भारत-चीन मैत्री के प्रतीक नालंदा स्थित ऐतिहा. सिक ह्वेनसांग स्मारक परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्राचीन नालंदा की गौरवशाली शैक्षणिक परंपरा, बौद्ध दर्शन की समृद्ध विरासत और भारतीय ज्ञान-संस्कृति के ऐतिहासिक महत्त्व को करीब से जाना। प्राचीन नालंदा महाविहार के भ्रमण बाद स्मारक परिसर पहुंचने पर नव नालंदा महाविहार के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने मुख्य न्यायाधीश एवं उनके परिवारजनों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कुलपति ने उन्हें चीनी बौद्ध विद्वान एवं महान यात्री ह्वेनसांग की भारत यात्रा से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि ह्वेनसांग ने प्राचीन नालंदा महाविहार में अध्ययन एवं साधना की थी। भारतीय दर्शन, बौद्ध धर्म और ज्ञान परंपरा के अध्ययन तथा उसके प्रचार-प्रसार में उनका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी यात्रा भारत और चीन के बीच प्राचीन सांस्कृतिक एवं बौद्धिक संबंधों का सशक्त प्रमाण है। भ्रमण के दौरान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव ने ह्वेनसांग स्मारक परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता और बेहतर रखरखाव की सराहना की। परिसर की सुव्यवस्थित व्यवस्था और स्वच्छ वातावरण ने उन्हें विशेष रूप से प्रभावित किया। यह भ्रमण ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन और प्राचीन ज्ञान परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा। ह्वेनसांग स्मारक परिसर न केवल भारत-चीन मैत्री का प्रतीक है, बल्कि नालंदा की विश्वविख्यात शिक्षा परंपरा और बौद्ध दर्शन की विरासत का भी जीवंत परिचायक है।

## लापता छात्रा को पुलिस ने किया बरामद

**शेखपुरा** (आससे)। विजयादशमी के मौके पर मेला घूमने घर से निकली 17 वर्षीय नाबा. लिग छात्रा के लापता होने के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे पटना जंक्शन से सकुशल बरामद कर लिया। छात्रा की बरामदगी के लिए पुलिस ने करीब छह घंटे तक अभियान चलाया। बाद में छात्रा को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में केवटी थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा बुधवार को विजयादशमी के अवसर पर मेला घूमने के लिए घर से निकली थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद परिजनों ने केवटी थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और मामले की जानकारी एसपी हिमांशु को दी गई। एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम ने छात्रा की तलाश शुरू की। इस दौरान सोशल मीडिया समेत अन्य माध्यमों से उसकी तस्वीर संबंधित थानों और रेल पुलिस के कर्मियों के साथ साझा की गई। जांच के दौरान पता चला कि छात्रा पहले बरबीघा बस स्टैंड से बिहारशरीफ पहुंची थी। इसके बाद वह ट्रेन से पटना चली गई। इसी बीच पटना जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर छात्रा के मौजूद होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने उसे सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिया और परिजनों को सौंप दिया गया।

**बिहार सरकार**

उप महाप्रबंधक (तकनीकी) का कार्यालय
परियोजना कार्यान्वयन इकाई, समस्तीपुर (एट बख्तियारपुर)
**बिहार स्टेट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
"**सभागार**" भवन BSRDCL, केन्द्रीय यांत्रिक कर्मशाला परिसर, हवाई अडडा के निकट, शेखपुरा, पटना-800014
E-mail ID:-dgmpiusamastipur2@gmail.com

पत्रांकः-**BSRDCL/PIU-Samastipur/2026-539**

**सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जन-निजी-भागीदारी अन्तर्गत रा० उ० प० सं०-31 में बख्तियारपुर से रा० उ० प० सं०-28 में ताजपुर को जोड़नेवाली गंगा नदी पर निर्माणाधीन 4-लेन पुल एवं पहुंच पथ परियोजना हेतु बिहार रैयती भूमि लीज नीति 2014 के तहत समस्तीपुर जिलान्तर्गत अंचल-पटोरी के (i) राजस्व थाना नं०-380, राजस्व ग्राम-जोड़पुरा में रकवा-6.0205 एकड़ (ii) राजस्व थाना नं०-354, राजस्व ग्राम-चकभेली नारायण में रकवा 0.19 एकड़ एवं अंचल-मोरवा के (i) राजस्व थाना नं०-117, राजस्व ग्राम-निकसपुर चादर नं०-1 में रकवा 0.09 एकड़, (ii) राजस्व थाना नं०-117, राजस्व ग्राम-निकसपुर चादर नं०-2 में रकवा 0.02 एकड़ (iii) राजस्व थाना नं०-340, राजस्व ग्राम-पचभिण्डा में रकवा 0.05 एकड़ (iv) राजस्व थाना नं०-369, राजस्व ग्राम-इन्द्रवारा में रकवा 0.035 एकड़ (v) राजस्व थाना नं०-351, राजस्व ग्राम-लोदीपुर नारायण में रकवा 0.075 एकड़ की रैयती भूमि चिन्हित की गई है जिसकी विवरणी निम्नवत हैः-

| क्रम सं० | मौजा का नाम/थाना नं० | अंचल | खाता सं० | खेसरा सं० | खतियानी रकवा (एकड़ में) | निर्माण हेतु कुल रकवा (एकड़ में) | किस्म | रैयत का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोड़पुरा, राजस्व थाना नं०-380 | पटोरी | 236 | 1514 | 0.90 | 0.741 | परती कदीम | अलकेश चौधरी पे0 स्व0 सहदेव चौधरी, नि० निज ग्राम। |
| 2 | | | 232 | 1513 | 1.84 | 1.0975 | परती कदीम | अरविन्द चौधरी पे0 स्व0 हरिलाल चौधरी, नि० निज ग्राम। |
| 3 | | | 198 | 1874 | | 0.372 | धनहर | कुशेश्वर राय पे0 स्व0 फेकु राय, नि० निज ग्राम। |
| 4 | | | 206 | 1869 | | 0.20 | मकान | कुशेश्वर राय पे0 स्व0 फेकु राय, नि० निज ग्राम। |
| 5 | | | 362 | 1856 | 4.50 | 1.80 | परती कदीम | ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे0 स्व0 अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे0 स्व0 नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे0 योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम। |
| 6 | जोड़पुरा, राजस्व थाना नं०-380 | पटोरी | 173 | 1856 / 2219 | 3.780 | 1.415 | परती कदीम | ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे0 स्व0 अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे0 स्व0 नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे0 योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम। |
| 7 | | | 173 | 1858 | 1.78 | 0.395 | परती कदीम | ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे0 स्व0 अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे0 स्व0 नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे0 योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम। |
| 8 | चकभेली नारायण, राजस्व थाना नं0-354 | | 36 | 622 | 0.40 | 0.19 | धनहर | सिताबलाल राय पे0 स्व0 देवन राय, नि० निज ग्राम। |
| 9 | निकसपुर चादर नं0-1, राजस्व थाना नं0-117 | मोरवा | | 1132 | 0.02 | 0.02 | भीठ | राम सुरेश शर्मा वो राम शोभित शर्मा पिता आनन्दी ठाकुर, नि० निज ग्राम। |
| 10 | | | 142 | 2266 | | 0.07 | भीठ | नन्द कुमार ठाकुर पे० महेन्द्र ठाकुर, नि० निज ग्राम। |
| 11 | निकसपुर चादर नं0-2, राजस्व थाना नं0-117 | | 347 | 2670 | | 0.02 | भीठ | माल्हो देवी पति स्व0 देवेन्द्र राय, नि० निज ग्राम। |
| 12 | पचभिण्डा, राजस्व थाना नं0-340 | | | 1206 | | 0.05 | | उर्मिला देवी पति स्व0 बासुदेव सिंह, नि० निज ग्राम। |
| 13 | इन्द्रवारा, राजस्व थाना नं0-369 | | | 1951 | | 0.035 | | मखन राय पिता स्व0 रघुनी राय, नि० निज ग्राम। |
| 14 | लेदीपुर नारायण, राजस्व थाना नं0-351 | | | 356 | | 0.075 | | असर्फी राय वो जेबरी देवी, नि० निज ग्राम। |

उपरोक्त विवरणी के कॉलम में अंकित रैयतों से अनुरोध है कि इस सूचना के प्रकाशन होने के तिथि से सात दिनों के अन्दर बिहार रैयती भूमि लीज नीति-2014 के प्रावधानान्तर्गत सतत लीज पर भूमि प्रदान करने एवं मुआवजा प्राप्त करने की सहमति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित किया जाय। यह सूचना हितबद्ध व्यक्ति के लिए जारी की जाती है जिनका इससे संबंध हो। अगर किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई दावा/आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अन्दर अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप से साक्ष्यों के साथ उप महाप्रबंधक (तक०), बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, समस्तीपुर(एट बख्तियारपुर) के कार्यालय में समर्पित करें।

**उप महाप्रबंधक (तक०)**
परियोजना कार्यान्वयन इकाई, समस्तीपुर (एट बख्तियारपुर)

PR. No. 014056 (B&C ) 2026-27

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें, किसी अनजान स्त्री/पुरुष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।

# कतरीसराय में मनी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती

**कतरीसराय ( नालंदा )** (संसू)। आधुनिक बिहार के निर्माता, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती पर कतरीसराय प्रखंड की दरवेशपुरा पंचायत अंतर्गत सैदी गांव में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने बिहार केसरी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव एवं दरवेशपुरा पंचायत के पूर्व मुखिया नवेंदु झा ने कहा कि श्रीबाबू ने अपने कार्यकाल में बिहार के औद्योगिक विकास को नई दिशा दी और राज्य में उद्योगों का जाल बिछाया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में सिंचाई की बेहतर व्यवस्था कर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने तथा उनकी आमदनी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उनकी समदर्शी सोच और दूरदर्शी नेतृत्व ने बिहार के विकास को गति प्रदान की। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य तपेन्द्र सिंह ने श्रीबाबू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच उपेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष नवीन कुमार, मानवाधिकार कार्यकर्ता रौकी झा, बबलू सिंह, मनीष पांडेय, संजय कुमार, शंभू सिंह, पंकज कुमार, दिनेश मांझी, शिव रविदास, हेमंत कुमार, संटु सिंह एवं अरविन्द सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर बिहार केसरी को श्रद्धांजलि दी।

## बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती पर संवाद कार्यक्रम 24 को

**बरबीघा ( शेखपुरा )** (आससे)। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री एवं बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के अवसर पर श्रीकृष्ण रामरुचि महाविद्यालय, बरबीघा में 24 अक्टूबर को विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी प्राचार्य प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि 'श्रीकृष्ण सिंह : व्यक्तित्व, विचार और विरासत' विषय पर आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में भागीदार विद्वान उनके जीवन, विचारों तथा बिहार के सामाजिक, शैक्षणिक और औद्योगिक विकास में श्रीबाबू के योगदान पर चर्चा करेंगे। 24 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे से यह विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बी.आर. आंबेडकर विश्व. विद्यालय के डीन प्रो. (डॉ.) आनंद बर्धन शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथियों में जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के इतिहास विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. शिशिर कुमार सिंह तथा श्रीकृष्ण सेवा सदन पुस्तकालय ट्रस्ट, मुंगेर के सचिव प्रो. प्रभात कुमार शामिल हैं। प्रो. शिशिर कुमार सिंह, श्रीकृष्ण बाबू के सहयोगी रहे बनारसी प्रसाद सिंह के पौत्र हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने कहा कि डॉ. श्रीकृष्ण सिंह का राष्ट्रवादी दृष्टिकोण और बिहार के विकास में उनका योगदान आज भी प्रेरणास्रोत है।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, शिवहर
E-mail id- ee.sheohar.bcd1@gmail.com
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-05/2026-27
**प्रथम शुद्धि-पत्र 2026-27**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक-1000(अनु०) दिनांक- 10.10.2026 के द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-05/2026-27 जिसका पी० आर० सं० 013559(BCD)2026-27 है, जो दैनिक समाचार पत्र -हिन्दुस्तान में दिनांक-16.10.2026 को प्रकाशित हुआ है। जिसमें सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक प्र०-06/द०वि० नियम-03-08/06 (अंश)-7461(S) /पटना, दिनांक-13.10.2026 एवं अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक-भवन/12-अभि०प्र० (यो०)-02-विविध-11/2026 9803(भ) पटना, दिनांक-15.10.2026 के आलोक में **परिमाण विपत्र से 10 % (दस) प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाली निविदाएँ अमान्य मानी जाएगी।** पूर्व में उल्लेखित निविदा के कंडिका-24 में संशोधित किया जाता है, जिसे निम्नरूपेण पढ़ा/समझा जाय हैः-

1. परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।
2. परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**भवन प्रमंडल, शिवहर**

PR. No. 014074 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।